तापमान
अधिकतम 39.4 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 23 अप्रैल 2025

13 नर्सिंग छात्राओं ने निभाया वालेंटियर का फर्ज


14 दो जिलों के सड़कों की गुणवत्ता जांच की, ठेकेदारों...




छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

# स्टेशन में रेम्प और आंवराभाटा में ओवरब्रिज बनाने में रेलवे की रुचि नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

रेलवे स्टेशन जगदलपुर में रेम्प का निर्माण, जिला दंतवोड़ा के आंवराभाटा में रोड क्रासिंग पर उच्च स्तरीय पुल ओवर ब्रिज का निर्माण तथा रावघाट से जगदलपुर तक रेल लाइन निर्माण कार्य कराने के संबंध में ज्ञापन जन अधिकार मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रिरका सिंह एवं प्रदेश महासचिव विपिन तिवारी ने 22 अप्रैल को सौंपा है। पत्र में उल्लेख है कि जगदलपुर से अधिकांश मरीज जो गम्भीर बीमारियों से पीड़ित रहते है, वे उपचार के लिए विशाखापटनम जाते है।

### एक करोड़ की राशि लौटाई गई

जिला मुख्यालय दन्तेवाड़ा के आवंराभाटा में स्थित रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण के लिए स्थानीय जिला प्रशासन ने रूची दिखाते हुए जनमानस की समस्या के मद्देनजर एन.एम.डी.सी. बचेली से वर्ष 2015 में रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए 799.13 लाख का अनुबंध किया जाकर कार्य प्रारम्भ करने हेतु रेलवे विभाग को प्रारम्भिक दौर में लगभग 1 करोड़ रुपए जमा कराया गया था। रेलवे विभाग की उदासीनता के कारण जमा की गई थी। राशि जिला प्रशासन को गीदम से दन्तेवाड़ा तक की सड़क राष्ट्रीय राज्य मार्ग के अधीन होने के कारण ये निर्माण उक्त विभाग के द्वारा किया जाना है कहकर राशि लौटा दी गई।

### जन अधिकार मोर्चा ने ज्ञापन सौंप आंदोलन की दी चेतावनी



### ट्रेनों के लगातार आवागमन से बंद रहता है फाटक

लगभग प्रत्येक एक घण्टे के अन्तराल में मालगाड़ियों का आवाजाही के कारण स्थानीय फाटक बंद रहता है। जिसके कारण जहां एक ओर जनता हलाकान हो रही है वही दूसरी ओर गंभीर स्थिति के मरीज भी बाधित होते हैं। रावघाट से जगदलपुर रेल लाइन निर्माण का कार्य अपूर्ण है।

### ये रहे उपस्थित

ज्ञापन आयुक्त, कलेक्टर तथा जगदलपुर रेल शाखा प्रबंधक को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में शेख अनवर हुसैन, शंकर लाल श्रीवास्तव, विनय मण्डल, दशमुराम सेठिया, दिनेश रायकवार सहित अन्य उपस्थित रहे।

रेम्प के न होने से विकलांग और पीड़ित मरीजों को अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित अधिकारियों ने मांग पूर्ति हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करने का आश्वासन दिया है। बस्तर के इतने बड़े भू–भाग में केवल एक मुख्य रेलवे स्टेशन जगदलपुर है। यहाँ पर रेम्प का निर्माण न होना अत्यंत चिंताजनक विषय है, जिसका जन अधिकार मोर्चा घोर विरोध करता है। यह मग करता है कि अविलम्ब रेम्प का निर्माण किया जाए। वहीं बचेली, किरंदूल से कच्चा लोहा का परिवहन किया जा रहा है लेकिन किरंदुल से विशाखापटनम रेल्वे लाईन के क्रॉसिंग में ओवरब्रिज नहीं है। रेम्प का निर्माण यथाशीघ्र न होने कि स्थिति में जन अधिकार मोर्चा जनहित में रेल रोकों आंदोलन करेगा।

## खबर संक्षेप

### बस परमिट निरस्त करने विधायक ने लिखा पत्र

**जगदलपुर।** बीजापुर विधायक विक्रम मण्डावी ने राज्य परिवहन प्राधिकार छग रायपुर को आज पत्र भेजकर राजधानी ट्रेव्हल्स बस का परमिट निरस्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर से बीजापुर आ रहे यात्री 3 महिला सहित 7 वर्षीय मासूम बच्चे को रायपुर में जबरदस्ती उतार दिया गया। जबकि उनके पास 1150 रुपए प्रति व्यक्ति का टिकट था। विधायक ने लिखा है कि एजेंटों द्वारा आए दिन यात्रियों के साथ बदसलूकी करते किराया दर से अधिक राषि वसूला जाता है। परिवार के लोगों को परेषान किया गया। अतएव बस का परमिट निरस्त किया जाए। उन्होंने कमिश्नर बस्तर और बीजापुर कलेक्टर को भी आवष्यक कार्यवाही के लिए पत्र की कॉपी भेजा है।

### पेन शक्तियों की विदाई के साथ होगा समापन आज

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के मुसालूर,धनोरा गुण्डाधूर चौक में हो रहे जिला स्तरीय पेन करसाड़ एवं सामाजिक संगोष्ठी का समापन बुधवार को पेन शक्तियों की विदाई के साथ होगा। गोण्डवाना समाज समनवय समिति बीजापुर में तीन दिवसीय करसाड़ एवं सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन 21 से 23 अप्रैल तक किया जा रहा है। 21 को पेन शक्तियों का आगमन और स्वागत किया गया। 22 अप्रैल को सामाजिक संगोष्ठी तथा पेन शक्तियों का नृत्य एवं स्थानीय पारंपरिक लोक नृत्य हुआ था। कल 23 अप्रैल को पेन शक्तियों की विदाई एवं समापन के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा।

### छात्रावास मैदान कोंडागांव में व्याख्यान होगा आज

**जगदलपुर।** राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति का महासंगम कार्यक्रम में प्रख्यात राष्ट्रवादी विचारक पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ बुधवार की शाम 6:30 बजे कोंडागांव के छात्रावास मैदान में होने वाले व्याख्यान में प्रमुख वक्ता के रूप में संबोधन देंगे। श्रीराम मानस मण्डल कोंडागांव के तत्वावधान में कार्यक्रम रखा गया है। आज शाम 4 बजे मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर उनका आगमन हुआ। शाम 6 बजे बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी के निवास में प्रबुद्धजनों से उन्होंने लगभग 2 घंटे तक चर्चा की। जगदलपुर में रात्रि विश्राम के बाद बुधवार की सुबह 11 बजे भाजपा नेता मनीष पारख के निवास में प्रबुद्धजनों से चर्चा के बाद पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ कोंडागांव रवाना होंगे।

आयोजन : भाजपा की डा. भीमराव आंबेडकर सम्मान सभा संगोष्ठी

# संविधान का दुरुपयोग कर कांग्रेस ने किया बाबा साहेब का अपमान : किरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनाये जा रहे डा. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत मंगलवार को स्थानीय पं.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हाल में बाबासाहेब डा.अंबेडकर सम्मान सभा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि भारत रत्न, संविधान निर्माता डा. अंबेडकर के विचारों को जन–जन तक पहुँचाने का काम भाजपा कर रही है। बाबा साहेब ने देश को नई दिशा देने का काम किया है। वहीं कांग्रेस अपने राजनीतिक फायदे के लिये लगातार डा. अंबेडकर के बनाये संविधान का बार–बार दुरूपयोग कर रही है, जो बाबा साहेब के सिद्धांतों के विपरीत कार्य है। उन्होंने कहा कि भारत में संविधान सर्वोपरि है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में संविधान का सदैव नमन कर सम्मान किया है। भाजपा द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर का सम्मान अभियान सतत मनाया जा रहा है, इसके उलट देश में 57 साल शासन करने वाली कांग्रेस ने अपना राजनीतिक हित साधने के लिये लगातार संविधान में संशोधन किया। यहाँ तक कि आरक्षण को समाप्त करने की साजिश की। सन् 1952 व 1954 में हुये लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने बाबा साहेब डा. अम्बेडकर को खुले रूप में हरा कर उनका अपमान किया। वहीं कांग्रेस संविधान की झूठी हितैषी बन कर भ्रमजाल फैलाने की कोशिश कर रही है। इन सब बातों को हम सभी को समझना होगा। विधायक ने कहा कि बाबा साहेब के बनाये संविधान ने देश की जनता को अधिकार प्रदान किये हैं और कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने देश में आपातकाल थोपने का पाप किया। संविधान की हत्या की, बाबा साहेब के विचारों का खून किया। देश के संपूर्ण नागरिकों के अधिकार आपातकाल में छिन लिये गये थे। ⏭ शेष पेज 12 पर

### डा. अंबेडकर के उन्नत राष्ट्र के सपने को साकार करना है: सांसद

*सांसद महेश कश्यप ने कहा कि डा. अंबेडकर का संपूर्ण जीवन देश व समाज के उत्थान के लिये समर्पित था। जिससे हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिये। भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलते हुये संविधान का पालन कर रही है। दूसरी ओर कांग्रेस ने बाबा साहेब के बनाये संविधान में महज अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये कई बार संशोधन करने का दुस्साहस किया है। कांग्रेस ने सदा बाबा साहेब का विरोध किया। उनके बनाये संविधान में हस्तक्षेप करने में भी बाज नहीं आयी और आज भी संविधान की प्रति को जेब में डालकर झूठा राजनीतिक प्रोपेगेंडा खड़ा करने में आमदा है। संविधान को लेकर भ्रामक दुष्प्रचार करके कांग्रेस बाबा साहेब द्वारा देश के लिये रचित संविधान को अपमानित कर रही है। डा. अंबेडकर के उन्नत राष्ट्र के सपने को साकार करना है और भाजपा संविधान स्वरूप चलते हुये इस दिशा में ही सतत कार्य कर रही है।*

# मारा गया नक्सली था 3 लाख का ईनामी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- माओवादी अम्बेली ब्लास्ट की घटना में था शामिल
- गुण्डीपुरी आरपीसी का मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर वेल्ला वाचम कल मारा गया था

केरपे एवं तोड़समपारा के मध्य जवानों और माओवादियों के बीच सोमवार को मुठभेड़ में मारा गया नक्सली 3 लाख रुपए का ईनामी गुण्डीपुरी आरपीसी का मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर वेल्ला वाचम था। मुठभेड़ स्थल से 1 नग 315 बोर रायफल, राउंड, पोच, विस्फोटक एवं माओवादी सामग्री बरामद हुआ है। माओवादी अम्बेली ब्लास्ट की घटना में शामिल था। डीआईजी कमलोचन कश्यप व एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव ने बताया कि वर्ष 2025 में जिला बीजापुर अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप बीजापुर जिले में विगत 112 दिनों में 87 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये। वही अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 213 माओवादियो को गिरफ्तार करने मे सुरक्षा बलो को सफलता मिली एवं 179 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

# विधायक ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

## गुणवत्तायुक्त एवं समय सीमा में कार्य करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



### ये रहे उपस्थित

*निरीक्षण के दौरान जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, रिंकू पांडे, कार्यपालन अभियंता राजीव बतरा, उप अभियंता सीबी केसरिया, मोहम्मद परवेज खान एवं अक्षय सिंह उपस्थित थे।*

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के ज्योति नर्सरी से करकापाल जंक्शन एवं बोधघाट थाना तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समयसीमा में काम करने के आवश्यक निर्देश दिये। विधायक किरणदेव ने जगदलपुर के जनमानस की बहुप्रतीक्षित मांग ज्योति नर्सरी से करकापाल एवं बोधघाट थाना तक 4.50 किलोमीटर सड़क, जिसकी लागत 9 करोड़ 36 लाख रुपए है। सड़क मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण निर्माण कार्य हो रहा है उसे पूरा किया। निरीक्षण के दौरान किरण देव ने कहा हमारी सरकार बनने के पश्चात इस मार्ग की मांग मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव से की गई थी, जिस पर हमारी डबल इंजन की सरकार ने स्वीकृति के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ किया है। निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है जिसका 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा और जनता को जल्द सड़क ⏭ शेष पेज 12 पर

# मुरिया विद्रोह स्मृति दिवस 4 मई को मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष जगदीश चंद्र मौर्य ,शामु राम मौर्य, बलवीर सिंह कच्छ, सीआर नाग, नवीन बघेल, गिरधर कश्यप, रामनाथ कश्यप, समलू बघेल, संतु मौर्य, सोमारु बघेल, बसंत कश्यप, लखेश्वर कश्यप, अनिल नाग, कमलेश कश्यप और अन्य समाज प्रमुखों की उपस्थिति रही। सभी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए समर्पित भाव से योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई।

बस्तर अंचल के गौरवशाली आदिवासी इतिहास को स्मरण करते हुए मुरिया समाज इस वर्ष भी मुरिया विद्रोह स्मृति दिवस को 4 मई को बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाने जा रहा है। इस संबंध में मुरिया समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक मुरिया सदन, जगदलपुर में आयोजित की गई। जिसमें जिला व ब्लाक स्तर के पदाधिकारी, समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 4 मई को शहीद वीर झाड़ा सिरहा की स्मृति में एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली बड़े आरापुर स्थित झाड़ा सिरहा के जन्मस्थान से प्रारंभ होकर तोकापाल, केशलूर, बड़े मारेगा, पामेला, सिरहा सार भवन होते हुए धरमपुरा स्थित मुरिया सदन पहुंचेगी। रैली के माध्यम से समाज के लोगों को अपने इतिहास, संघर्ष और वीर परंपरा से अवगत कराने का प्रयास किया जाएगा। मुरिया सदन में आयोजित मुख्य सभा में शहीद झाड़ा सिरहा के ऐतिहासिक योगदान, 1876 के मुरिया विद्रोह में उनकी भूमिका और बस्तर अंचल की सांस्कृतिक धरोहर पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर वक्तव्य, गोष्ठी एवं संवाद के माध्यम से आदिवासी समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आर्थिक विकास, परंपरा, संस्कृति और शासकीय योजनाओं की जानकारी पर केन्द्रीत कार्यक्रम रखे जाएंगे। स्मृति दिवस पर समाज की नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और इतिहास से जोड़ने के उद्देश्य से वीर झाड़ा सिरहा की वीरगाथा को मंच से साझा किया जाएगा। नाट्य रूपांतरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके बलिदान की गाथा को समाज तक पहुँचाया जाएगा, जिससे युवाओं में प्रेरणा एवं आत्मगौरव की भावना जागृत हो सके। यह दिवस केवल एक स्मृति आयोजन न होकर आदिवासी अस्मिता, संघर्ष और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बन चुका है। हर वर्ष की तरह इस बार भी समाज के पारगना, ⏭ शेष पेज 12 पर

दंतेश्वरी कन्या महाविद्यालय में मनाया गया पृथ्वी दिवस

# पृथ्वी केवल मानव की ही नहीं, समस्त जीव-जंतुओं और प्रकृति का साझा घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- रेडक्रास सोसायटी का जागरुकता कार्यक्रम
- स्वच्छ ऊर्जा और हरियाली संरक्षण की आवश्यकता पर दिया गया जोर

अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर रेडक्रास सोसायटी द्वारा एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में दंतेश्वरी कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डा. राजीव गुहे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सत्यनारायण सोनंत, डा. प्रिंसी दुग्गा, डा. तृप्ति खनंग एवं मनीषा नायडू ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने पृथ्वी के संरक्षण और सतत विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए जल, वायु, वन, पारिस्थितिकी तंत्र और वन्यजीवों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी केवल मानव की ही नहीं, अपितु समस्त जीव-जंतुओं और प्रकृति का साझा घर है। यदि हम इसे सुरक्षित नहीं रखेंगे, तो आने वाली पीढ़ियां एक संकटग्रस्त वातावरण में जीवन जीने को मजबूर होंगी। कार्यक्रम में निशा शर्मा बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ने अपनी बात रखते हुए वर्तमान समय में स्वच्छ ऊर्जा और हरियाली संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।



### स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को अपनाने का संकल्प लें

प्राचार्य डा. राजीव गुहे ने अपने उद्बोधन में कहा पृथ्वी दिवस, 55 वर्षों से दुनिया में मनाकर जनता को महत्वपूर्ण पर्यावरणीय मुद्दों के समाधान हेतु कार्रवाई करने के लिए शिक्षित और एकत्रित कर रहा है। पूरा विश्व, ग्रह के स्वास्थ्य के लिए, हवा, जल, मिट्टी, पारिस्थितिक तंत्र, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य के संरक्षण की प्रयास कर रहे। हैं। 22 अप्रैल, को पृथ्वी दिवस की 55 वीं वर्षगांठ मनाई गई। 192 देशों और दुनिया भर में एक अरब से अधिक लोग भाग लिए। हम स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को अपनाने का संकल्प लें ताकि सभी के लिए एक स्वस्थ, स्थायी, समान और समृद्ध भविष्य का निर्माण किया जा सके। वैश्विक स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को तिगुना करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. गुलाब चंद साहू ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# बाघ का शिकार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- इन्द्रावती में शिकारी की दहाड़ पर लगी लगाम

इन्द्रावती टाइगर रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण के लिए वन विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 16 अप्रैल को बीजापुर वन परिक्षेत्र में एक बाघ के फंदे में फंसकर घायल अवस्था में पाए जाने के बाद वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकारी को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशों और सतत निगरानी में की गई। मंत्री ने वन्यजीवों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच और कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए थे, जिसके परिणामस्वरूप यह सफलता मिली। गहन जांच के दौरान यह सामने आया कि कांदुलनार गांव निवासी आरोपी कन्ना चापा और सहआरोपी मनीष पुलसे द्वारा बाघ को फंदे में फंसाकर शिकार करने की कोशिश की गई थी। आरोपी को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 (संशोधित 2022) के तहत सोमवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

### वन्यजीवों के संरक्षण में कोई ढील नहीं दी जाएगी



*इस पूरी कार्रवाई में क्षेत्रीय वन अधिकारियों और इन्द्रावती टाइगर रिजर्व की टीम ने तत्परता और सूझबूझ से कार्य किया। वन मंत्री के स्पष्ट निर्देशों के चलते टीम ने न केवल एक बाघ की जान बचाई बल्कि जैव विविधता को नुकसान पहुंचाने वाले अपराधी को भी सलाखों के पीछे पहुंचाया। प्रशासन का संदेश साफ है कि वन्यजीवों के संरक्षण में कोई ढील नहीं दी जाएगी।*

**खबर संक्षेप**

### दंतेश्वरी कॉलेज में मनाया गया विश्व धरोहर सप्ताह





**जगदलपुर।** शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय जगदलपुर में विष्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत प्राचिन भारतीय इतिहास संस्कृति और पुरातत्व विभाग द्वारा कार्यक्रम किया गया। जिसमें प्रमुख अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार पुरातत्त्व विद उर्मिला आचार्य थी। सर्वप्रथम प्राचार्य ड. राजीव गुहे को आपनी लिखित दो पुस्तकें भेंट की उसके बाद इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष ड. आशिष दीवान ने उनका परिचय दिया।

### शकील ने राष्ट्रीय स्तर पर दी पहचान



**जगदलपुर।** दिल्ली के कॉमनवेल्थ खेलगांव स्टेडियम में 11 से 13 अप्रैल तक चार वें खेलो मॉस्टर्स गेम संपन्न हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम में जगदलपुर में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत शकील खान द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की टीम ने तीसरे स्थान पर रहकर कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया। शकील द्वारा विभाग के जिला प्रमुख मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक से सौजन्य भेंट कर कांस्य पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर सीएमएचओ ने कहा कि पूर्व में भी शकील द्वारा 9 वीं बार राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया जा चुका है, जिसमें 5 वीं बार सिविल सर्विसेस और 4 बार मास्टर्स मीट की टीम में शामिल होकर बस्तर जिले की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाई है।

## मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष ने दिए कुछ सुझाव

# बंद उद्योगों के कारण तलाशने समीति का गठन करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग तीव्रगति से विकास पथ पर अग्रसर हो इस हेतु अधिकारियों के साथ जगदलपुर मुख्यालय में बैठक आयोजित कर कार्य योजना को मूर्तरूप दिया गया इसके लिए आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष पुखराज बोथरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को लिखे पत्र में यह बात कही है उन्होंने पत्र में लिखा है कि बस्तर संभाग को कई उपलब्धियां मिली एवं विकास कार्यों को निश्चित रूप से गति मिली है। दृढ़ इच्छाशक्ति से नक्सल गतिविधियों पर आशानुरूप सफलता मिली है अशांत बस्तर अब शांत बस्तर की इबादत लिख रहा है।

प्रधानमंत्री के निर्देश एवं आपके मार्गदर्शन एवं पहल पर 17 अप्रैल को जिला कार्यालय में संभाग स्तरीय उद्यमी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें काफी उद्यमियों की भागीदारी रही एवं उद्योग स्थापना पर महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए। नई औद्योगिक नीति 2024-30 में बस्तर संभाग के ज्यादातर विकास खण्डों को समूह तीन में रखा गया है इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक उद्योग लगेगें एवं स्थानीय स्तर पर ही ग्रामीणों को रोजगार सुलभ हो सकेगा।

बस्तर में उद्योगों के साथ-साथ पर्यटन की बहुत बड़ी संभावनाएं है बस्तर में पिछले पांच दषकों में मध्यम श्रेणी की कई औद्योगिक इकाईयों की स्थापना हुई लेकिन सभी इकाईयां किन्ही न किन्हीं कारणों से लुप्त हो गई बंद हो गई। बस्तर आईल मिल-साल बीज पर स्थापित साल्वेंट प्लांट, बस्तर प्लाई वूड फैक्टरी काष्ठ आधारित, बजरंग सीमेंट खनिज आधारित, रूद्र सीमेन्ट खनिज आधारित, आयरन ओर क्रेषिंग प्लांट तथा औगजरिलिक उद्योग वनोपज पर आधारित एवं अन्य उद्योग बंद हो गए। उन्होंने मुख्यमंत्री से एक उच्च स्तरीय समिति (विशेषज्ञों) का गठन कर यह जांच करायें कि ये उद्योग क्यों बंद हो गए। इससे भविष्य में आने वाले उद्योगों के लिए गाईड लाईन मिल सकेगी।

### सर्व सुविधायुक्त छोटे-छोटे ग्रोथ सेन्टर विकसित किए जाए

बस्तर संभाग में किसी भी जिले में एक भी ग्रोथ सेन्टर स्थापित नहीं किया गया है। शहरी, अर्द्धशहरी क्षेत्र के पास सर्व सुविधायुक्त छोटे-छोटे ग्रोथ सेन्टर विकसित किए जाये जहां सूक्ष्म, लघु इकाईयां स्थापित हो सके क्योंकि उनके पास सीमित संसाधन होते है।

बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं एनएमडीसी के सहयोग से 1998 में एक औद्योगिक सेमिनार में स्मारिका का प्रकाशन किया गया था जिसमें खनिज, वनोपज, खाद्य प्रसंस्करण, वनोऔषधि पौधों की जानकारी दी गई थी इसी तरह की एक स्मारिका सरकार प्रकाषित कराये जिसमें बस्तर में प्राप्त होने वाले संपूर्ण खनिजों के नाम उनकी उपलब्धता कितना भण्डार है उन पर कौन-कौन से उद्योग स्थापित किए जा सकते है उन उद्योगों के लिए सरकार की क्या योजनाएं एवं सुविधाएं है आदि संपूर्ण जानकारी हो। इसी तरह वनोपज, खाद्य प्रसंस्करण, वन-औषधि, कृषि आधारित फ्लोरिकल्चर, पर्यटन स्थलों एवं वहां पर उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी हो। बस्तर की भूमि, जलवायु, मौसम फूलों के लिए बहुत ही अनुकूल है, टमाटर सॉस, इत्र के उद्योग लग सकते है स्मारिका में विषय विषेषज्ञों के लेख हो।





### भूमि नहीं मिलने से उद्योगपति आगे नहीं आते

पूर्व में जिला उद्योग केन्द्रों में विभिन्न उद्योगों के लिए प्रोजक्ट रिपोर्ट सरल सुलभ होती थी। जिला उद्योग केन्द्रों में जिस जिले में जिस उद्योग स्थापना की संभावना हो वहां उसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाय जिससे उद्यमी को प्रारंभिक जानकारी मिल सकेगी एवं वे उचित निर्णय लेने में सक्षम हो सकेंगे।

बस्तर संभाग में उद्योग स्थापना के लिए भूमि उपलब्ध नहीं हो पाती है इस कारण टाटा जैसे उद्योगपति को मुआवजा के भुगतान के बाद भी यहां से पलायन करना पड़ा। आज भी कई उद्योग भूमि की उपलब्धता नहीं होने से उद्योग नहीं लगा पा रहे है यथा गोदावरी पावर एवं इस्पात। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि सरकार भूमि का चयन कर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करें एवं इच्छुक उद्योगपतियों को उचित मूल्य पर समय पर उपलब्ध कराये।

### अरबों कमाई के बाद भी रेल सुविधा नगण्य

बस्तर संभाग में पिछले दो-तीन वर्षो से विद्युत अवरोध बहुत बड़ी समस्या बन रहा है ऐसा कोई दिन नहीं जाता कि जनता को विद्युत अवरोध का सामना न करना पड़ा हो। नेषनल ग्रिड से जोड़ने की प्रक्रिया को जितना जल्दी हो मूर्तरूप दिया जाना चाहिए। इस संबंध में कार्य चल भी रहा है। पर्यटन एवं उद्योगों के लिए आवागमन प्रमुख फेक्टर है अभाव उनकी संभावनाओं पर प्रतिकूल असर डालता है। अतः रेल सुविधा की नितान्त आवश्यकता है बस्तर का दुर्भाग्य रहा है कि पिछले कई दषको से यहां के निवासी हर प्रकार से मांग करते-करते थक चुके है सरकार अरबों रूपये प्रतिवर्ष कमा रही है लेकिन यहां का निवासी उपेक्षित है दर्द झेल रहा है इस मुधे पर त्रिस्तरीय सरकार से सार्थक पहल की अपेक्षा है। इससे न केवल उद्योग व पर्यटन बढेग़ा बल्कि ग्रामीण क्षेत्रें मे उत्पादित होने वाली वस्तुओं का बाजार के साथ उचित मूल्य मिलेगा। ग्रामीणों को आर्थिक स्थिति में आशातीत खुशहाली आयेगी। वही असामाजिक गतिविधियों पर परोक्ष रूप से रोक लगेगी।

### उद्योग स्थापना में वन अधिनियम बाधक

बस्तर में वन अधिनियम के कारण भी उद्योग नहीं लग पाते है। फॉरेस्ट क्लीयरेन्स में बहुत लंबा समय लग जाता है पिछले काफी समय से ग्रामीण क्षेत्रें में वन भूमि पट्टे के अधिकार के नाम पर वनों की कटाई हुई है वहां अब वन नहीं है लेकिन सरकार के अभिलेखों में वे आज भी छोटे जंगल के झाड़ है ऐसी भूमि को चिन्हित कर राजस्व विभाग को हस्तान्तरित किया जाये। जिससे राजस्व विभाग को भूमि मिल सके।

बस्तर संभाग में इन्वेस्टर मीट आयोजित किया जाय जिसमें आप स्वयं उद्योग मंत्री के साथ उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे जिससे त्वरित निर्णय लिया जा सके। इसमें बस्तर संभाग के इच्छुक उद्योगपतियों को यथा स्थान प्रदान किया जाये। एमओयू में उद्योग स्थापना हेतु समय सीमा सुनिष्चित की जाय एवं उद्योग नहीं लगाने पर भूमि का आबंटन रध कर अन्य उद्योगपति को दी जाय जो उद्योग लगाने के लिए इच्छुक है।

### कच्चा माल बाहर न जाये

केन्द्र सरकार ने हाल ही में बैलाडिला की आयरन ओर खदानें मित्तल ग्रुप को आबंटित की है। बस्तर से किसी भी हालत में कच्चा माल बाहर न जाये बल्कि उद्योग स्थापित हो एवं उसमें वेल्यू एडिषन होकर ही माल बाहर जाये अन्यथा यहां उद्योग स्थापना की संभावना नहीं होगी क्योंकि यहां कुषल श्रमिक एवं अन्य आवष्यक सामान उपलब्ध नहीं है। उद्योगों के बंद होने एवं न लगने का यह भी एक कारण है। पुखराज बोथरा मुख्यमंत्री से उम्मीद जताई है कि बस्तर के औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने में सफलता मिलेगी।

# दो जिलों के सड़कों की गुणवत्ता जांच की, ठेकेदारों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- चलित प्रयोगशाला वेन की टीम ने जांच के लिए खोदी सड़क

परिक्शेत्रीय परीक्शण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के चलित प्रयोगशाला वेन द्वारा हॉल ही में बस्तर संभाग के दो जिलों के सड़कों की निर्माण कार्य गुणवत्ता की जांच की। हालांकि जांच में त्रुटि नहीं मिली फिर भी जांच से ठेकेदार एवं क्शेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंडागांव संभाग के उप संभाग केशकाल के सीजीआरआईडीसीएल के अंतर्गत जिला कोंडागांव के मुक्तिधाम रांधना मार्ग निर्माण कार्य 4.075 किमी एवं दक्शिण बस्तर संभाग दंतेवाड़ा के उप संभाग दंतेवाड़ा में सीजीआरआईडीसीएल के अंतर्गत जिला दंतेवाड़ा के गीदम-दंतेवाड़ा-किरंदुल 34.20 किमी का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य के दौरान सड़क की खुदाई कर गुणवत्ता की जांच की। इसमें त्रुटि नहीं पाई गई और दोनों सड़कों के निर्माण कार्य में बीएम, डीएम, एमएसएस संतोशप्रद है।




### गुणवत्ता का ध्यान रखें

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने बताया कि ठेकेदार एवं क्शेत्र के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए गुणवत्ता का ध्यान रखें।



# जमावाड़ा के बाली मेला में शामिल हुए विधायक किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जमावाड़ा के बाली मेला में शामिल हुयें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव। ग्राम जमावाड़ा में बारह वर्ष में एक बार भव्य रूप से बाली मेला का आयोजन किया जाता है। बाली मेला में पहुंचे विधायक का ग्रामवासियों ने पारम्परिक रूप से स्वागत व अभिनंदन किया। किरण देव ने बाली मेला में पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना कर प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा बाली मेला का विशेष व ऐतिहासिक महत्व है । मेला आयोजन समिति को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, मनोहर दत्त तिवारी ,राजेश श्रीवास्तव ,आरेंद्र सिंह आर्य , चंद्रकांत सेठिया, बालमती नागेश, धरमू राम मंडावी, मानसिंह मौजूद थे।



## पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने प्रबुद्धजनों से की चर्चा...



**जगदलपुर।** राष्ट्रवादी विचारक तथा सनातन धर्म के प्रखर वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने मंगलवार की शाम बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी के निवास में शहर के प्रबुद्धजनों से चर्चा की। उन्होंने देश-दुनिया में हिंदू धर्म और हिन्दुत्व के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। साथ ही पूछे गए सवालों का भी सारगर्भित उत्तर बताया। उन्होंने हिंदू समाज को संगठित रहकर राष्ट्रहित के लिए देशभक्ति की भावना के साथ काम करने की बात कही। इस दौरान सांसद महेश कश्यप, वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, ओसवाल समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा, समाज सेवी अनिल लुंकड़ समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागिरक मौजूद थे।

# क्योरिबा की टीम ने सीएमएचओ से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



क्यूरेबा हेल्थ एंड डेवलपमेंट एनजीओ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक से मुलाकात की। टीम में डॉक्टर सिद्धार्थ बिसवाल फाउंडर, शंभू नाथ तिवारी सीनियर प्रोजेक्ट काउंसलर और विजय कश्यप, डायरेक्टर मौजूद रहे। इस एनजीओ द्वारा लेप्रोसी, टीबी और टीकाकरण क्षेत्र में कार्य की गुणवत्ता के सुधार हेतु बस्तर संभाग के तीन जिलों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के साथ मिलकर कार्य किया जाना है। जिसमें संस्था के द्वारा स्वास्थ्य अमले को टेक्निकल सपोर्ट देकर क्वालिटी में सुधार लाने के क्षेत्र में कार्य किया जाना है। संस्था के फाउंडर डॉ. सिद्धार्थ बिस्वाल ने बताया कि क्यूरिबा (क्योर थ्रू रिसर्च एंड एविडेंस बेस एक्शन) के तहत कार्य करने वाली एक अशासकीय समाजसेवी संस्था है जिन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने के लिए छत्तीसगढ़ के तीन जिलों को चुना है, जिसमें कोंडागांव, नारायणपुर और बस्तर प्रमुख हैं। बस्तर जिले में कठिनतम क्षेत्र के चिन्हित किन्हीं तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर के साथ मिलकर कार्य करते हुए अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में बच्चों के पोषण के लिए और युवतियों के पोषण के क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जताई है। सीएमएचओ द्वारा विभाग से आवश्यक सभी सहयोग संस्था को दिए जाने का आश्वासन दिया गया है।

# विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि एवं आनुषांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका : शहला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कृषि उत्पादन आयुक्त ने संभाग स्तरीय रबी सहित खरीफ तैयारी की समीक्षा की

विकसित बस्तर की परिकल्पना को साकार करने के लिए कृषि क्षेत्र सहित आनुशांगिक सेक्टरों की अहम भूमिका है। यह बस्तर के समग्र विकास की धुरी है। इसे मद्देनजर रखते हुए मक्का एवं मिलेट्स फसलों,दलहन-तिलहन फसल क्षेत्र विस्तार, मसाला फसलों के रकबा विस्तार के लक्ष्य को हासिल करने पर ध्यान केंद्रीत करें। साथ ही बस्तर में जैविक खेती की अपार संभावनाओं को देखते हुए जैविक खेती को ज्यादा प्रोत्साहित करने सहित यहां की अनुकूल वातावरण के मद्देनजर कॉफी एवं ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा दिया जाए। वहीं पशुपालन और मत्स्यपालन एवं झींगापालन के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। उक्त निर्देश कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार ने कोंडागांव में आयोजित संभाग स्तरीय रबी समीक्षा सहित खरीफ 2025 की तैयारी की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने खरीफ 2025 के कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल देते हुए नियमित तौर पर समीक्षा किए जाने के निर्देश कलेक्टर्स तथा अन्य अधिकारियों को दिए। कृषि उत्पादन आयुक्त ने बस्तर के किसानों की बीज की मांग को स्थानीय स्तर पर पूर्ति करने के लिए लक्ष्य निर्धारित कर बीज उत्पादन कार्यक्रम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के कृषकों सहित महिला कृषकों को प्रोत्साहित करने पर बल देते हुए कहा कि इन वर्गों के किसानों को बीज प्रमाणीकरण पंजीयन शुल्क से छूट प्राप्त है, इसलिए बीज उत्पादन कार्यक्रम से उक्त वर्ग के किसानों को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने पहल करें।



### जैविक खेती को प्रोत्साहन देने पर बल

कृषि उत्पादन आयुक्त ने बस्तर में जैविक खेती की अपार सम्भावनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की भूमि की उर्वरता और वातावरण जैविक खेती के लिए काफी अनुकूल है। इसलिए अधिकाधिक किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें हरसम्भव मदद सुलभ कराया जाए।

### बस्तर बनेगा पाम ऑयल हब

कृषि उत्पादन आयुक्त ने नेशनल मिशन आन एडिबले ऑयल की कार्ययोजना को व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन करने पर बल देते हुए कहा कि बस्तर के उच्चहन भूमि तथा अनुकूल जलवायु ऑयल पाम की खेती के लिए काफी मुनासिब है। किसान ऑयल पाम की खेती के साथ पामा रोजा एवं लेमनग्रास की इंटर क्रॉपिंग भी कर सकते हैं। साथ ही साग-सब्जी की खेती को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। अतएव भविष्य में खाद्य तेल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बस्तर में ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहन दिया जाए।




# पौधों को एक हजार दिनों तक जीवित रखने का लें संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रेडक्रॉस सोसाइटी की पर्यावरण उप समिति ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस
- दो पौधों का किया रोपण व वक्ताओं ने पृथ्वी के संरक्षण पर रखे विचार



शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में रेडक्रॉस सोसाइटी की पर्यावरण उप समिति ने विश्व पृथ्वी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों के साथ ही पर्यावरण प्रेमी सहित वन विभाग के अफसर-कर्मी भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर पृथ्वी के संरक्षण पर अपने विचार रखे। विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रेसिडेंट मनीष गुप्ता रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला कोषाध्यक्ष ऋषि भटनागर, राज्य प्रतिनिधि अलेक्जेंडर चेरियन, पर्यावरण उप समिति के अध्यक्ष विधुशेखर झा, पर्यावरण प्रेमी संपत झा शामिल रहे। विचार गोष्ठी के दौरान रोशन झा, रामनरेश, रोहित सिंह बैस, रेंजर देवेंद्र सिंह वर्मा, अजयपाल सिंह, धारिणी सहित अन्य ने पृथ्वी के संरक्षण पर अपने विचार रखे।

रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला कोषाध्यक्ष ऋषि भटनागर ने बताया कि घरों में उपयोग होने वाले एसी-फ्रीज से क्लोरो-फ्लोरो कार्बन का उत्सर्जन होता है, जिससे वातावरण में तापमान में बढ़ोतरी होती है। वातावरण का तापमान संतुलित रखने के लिए एसी-फ्रीज पर निर्भर रहने की प्रवृत्ति को भी छोड़ना होगा। उन्होंने बताया कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए केवल पौधरोपण करना ही नहीं, बल्कि पौधों को कम से कम एक हजार दिनों तक जीवित रखने का संकल्प भी लेना चाहिए। इसके अलावा प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण बनाने पर भी शामिल लोगों ने अपनी राय दी। विचार गोष्ठी के पहले रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रेसिडेंट मनीष गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने पौधरोपण भी किया।

